प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज चंदौली सहित प्रदेश के छह जिलों के एकीकृत न्यायालय परिसर का किया शिलान्यास : कहा– देश के लिए बेंचमार्क बनेंगे ये कॉम्प्लेक्स ।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी में मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर प्रेस वार्ता में कहा– एआई जनरेटेड वीडियो दिखाकर फैलाया जा रहा है झूठ।
3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल असम से उत्तर प्रदेश को दो नई अमृत भारत ट्रेनों की देंगे सौगात : गुवाहाटी–रोहतक और डिब्रूगढ़–लखनऊ गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी। और
4. कल होने वाले मौनी अमावस्या स्नान को लेकर प्रयागराज में प्रशासन ने किए व्यापक प्रबंध : यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे कररहा है विशेष ट्रेनो का संचालन।

————————

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज चंदौली सहित प्रदेश के छह जिलों महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस व औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शिलान्यास और भूमि पूजन किया। इस अवसर

पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। मुख्य न्यायाधीश ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार व उच्च न्यायालय को बधाई दी और प्रदेश सरकार के प्रयास को सराहा। उन्होंने कहा कि इसके बनने से उत्तर प्रदेश सारे भारत में उदाहरण प्रस्तुत करेगा। ये कॉम्प्लेक्स देश के लिए बेंच मार्क बनेंगे। बाइट.....

*मैं गर्व के साथ यह बात कह सकता हूं कि जो 10 इंटीग्रेटेड जुडिशल कोर्ट कॉम्प्लेक्स उत्तर प्रदेश में जो माननीय मुख्यमंत्री जी ने जो घोषणा की है और जिनमें से छह की आज यह स्थापना भी शुरू हुई है। यह बनने से मुझे ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश सारे भारत वर्ष में एक एग्जांपल सेट करेगा और यह इंटीग्रेटेड जुडिशल कोर्ट कॉम्प्लेक्स जो है यह सारे देश के लिए एक बेंचमार्क बनेंगे।*

इस दौरान श्री योगी ने मुख्य न्यायाधीश को स्मृति चिह्न प्रदान किया और सभी न्यायमूर्तियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लिए आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य के छह जनपदों में यह सुविधा उपलब्ध हो रही है।

अगले कुछ महीने में चार अन्य जनपदों में यह सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है कि न्यायपालिका भी उतनी ही सशक्त हो। बाइट.....

*हम लोगों का इस बात को मानना है कि लोकतंत्र की सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है कि हमारी न्यायपालिका उतनी ही सशक्त हो। एक कॉमन मैन को जितनी सहजता के साथ सरलता के साथ न्याय प्राप्त हो उतना ही उनके पास अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर होना भी आवश्यक है और मुझे*

*बताते हुए प्रसन्नता कि उत्तर प्रदेश सरकार के पास न्यायिक व्यवस्था से जुड़े हुए कोई भी कार्य जब आते हैं, उसे पूरा होने में कोई देर नहीं लगती।*

————————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी में मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि काशी के घाट काशी की पहचान हैं। वर्ष 2014 के पहले इन घाटों की हालत बेहद खराब थी। जबकि आज ये घाट हर एक को आकर्षित करते हैं। अपनी पुरातनता के साथ आधुनिक कलेवर के रुप में स्वच्छ और सुंदर दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में काशी अपने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए भौतिक विकास के कार्यो से नई ऊंचाई प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई जनरेटेड वीडियो दिखाकर झूठ फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग काशी के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए प्रयासों में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। बाइट.....**

*आज जो लोग काशी के इस समग्र विकास के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा किए गए प्रयास को विभिन्न प्रकार की साजिशें करके उनमें अवरोध पैदा करने का काम कर रहे हैं। पिछले तीन–चार दिनों से उनके द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से तमाम प्रकार के अनलक और झूठी तस्वीरें प्रस्तुत करके जनता जनार्दन को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। यह वह लोग हैं जिन लोगों ने विरासत का सम्मान कभी नहीं किया।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद से अब तक काशी ने देश की जीडीपी में एक दशमलव तीन लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है। बाइट.....

*काशी के समग्र विकास को उन्होंने देखा और काशी के अंदर चल रही इन विकास की योजनाओं में अपना योगदान भी किया। पिछले यानी काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद से लेकर के अब तक अकेले काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपए का योगदान किया है। यहां रोजगार के नए अवसर सुलभ हुए हैं।*

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल उत्तर प्रदेश को दो नई अमृत भारत ट्रेनों की सौगात देंगे। श्री मोदी असम से गुवाहाटी (कामाख्या)–रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़–लखनऊ–गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे। गुवाहाटी रोहतक अमृत भारत ट्रेन वाराणसी और प्रयागराज से होकर गुजरेंगी। ये नई रेल सेवाएं पूर्वोत्तर और उत्तरी भारत के बीच रेल संपर्क मजबूत बनाएंगी जिससे सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा संभव हो सकेगी।

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

संगम नगरी प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र में कल होने वाले तीसरे महत्वपूर्ण स्नान मौनी अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरु हो गया है। पर्व को लेकर प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां पूरी करली गई हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून और व्यवस्था अमिताभ यश ने आज संगम मेला क्षेत्र में तैयारियों का जायजा लिया। मेला क्षेत्र में आज से अगले तीन दिनों तक रुट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मौनी अमावस्या पर्व को लेकर मेला प्रशासन ने वृहद स्तर पर तैयारियां की हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र में 12 हजार फिट से अधिक स्नान घाट बनाए गए हैं। डीप वॉटर बैरिकेटिंग, जल पुलिस और गोताखोर तैनात किए गए है। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त योगेंद्र कुमार ने सभी तैयारी पूरी कर ली हैं। बाइट.....*

*मौनी अमावस्या को लेकर के जो त्यौहार कल मैन स्नान है इस माघ मेले का उसको लेकर के हम लोगों ने पूरी तैयारी कर ली है। स्पेसिफिक टीमें हैं हमारे हर एक जगह पर हर पॉइंट पर हमने एक ग्रीस सिस्टम भी लगाया है ताकि संगम एरिया जो हमारा है मेनली नोज वाला एरिया है वहां पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहे और प्रत्येक श्रद्धालु को हम विनम्रता के साथ उनको अच्छी तरह से स्नान कराने के उपरांत वापस अपने गंतव्य स्थल की ओर भेज सके।*

*संपूर्ण मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। साथ ही जनपद प्रयागराज में डायवर्जन को लागू कर दिया। मेला क्षेत्र में*

*आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कैमरों की मदद से भीड़ नियंत्रण किया जा रहाहै। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार माघ मेला क्षेत्र प्रयागराज।*

मौनी अमावस्या को लेकर रेलवे ने भी विशेष तैयारी की है। यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनो का संचालन किया जा रहा है, साथ ही लंबी दूरी की ट्रेनों में स्टॉपेज भी बढ़ाया गया है। इसके अलावा रिंग रेल के जरिए यात्रियों को गंतव्य को पहुंचाया जाएगा। उत्तर मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अलग अलग गंतव्य पर जाने के लिए स्टेशनों पर कलर कोडिंग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। बाइट.....

*रेल प्रशासन इसमें पूरी तरह से तैयार है। जो हमारे स्टेशन के प्रोटोकॉल रहेंगे प्रवेश और निकास के संबंध में जो कलर कोडेड यात्री आश्वासन के माध्यम से लोगों को प्लेटफार्म में प्रवेश दिया जाएगा। यह सारे प्रोटोकॉल हमारे मौनी अमावस्या के एक दिन पहले से लागू हो जाएंगे। ट्रेनों के संचालन की बात करें तो ट्रेनों का संचालन इस तरह से प्लान किया गया है कि यात्रियों को बिना इंतजार किए हुए बिना कोई लंबे समय तक प्लेट करते हुए उनको उनकी जो निर्धारित जो जिस गंतव्य की ओर जाना चाहते हैं उसको सुविधा के साथ भेज दें।*

उधर रामनगरी अयोध्या में भी मौनी अमावस्या स्नान को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पूरी अयोध्या को जोन और सेक्टर में बांटकर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

———————————

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत कल विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विशेष अभियान में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट, अप्राप्त श्रेणी में चिन्हित मतदाता सूची और अनुपस्थित मृतक या डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची बूथ पर उपलब्ध रहेगी।

——————————

प्रदेशभर में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। घने कोहरे के चलते गाजियाबाद बरेली, गोरखपुर, कानपुर वाराणसी में आज सुबह दृश्यता शून्य रही, जबकि राजधानी लखनऊ और अयोध्या में विजिबिलटी 50 से 100 मीटर के बीच दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कल प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)